# हर जिले में 50 एकड़ जमीन उद्योगों के लिए चिह्नित होगी

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** प्रदेश को 'वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी' बनाने का प्रयास कर रही योगी सरकार औद्योगिक विकास को गति देने के लिए बड़ा कदम उठाने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन अनुसार प्रदेश में अब हर जिले में 50 एकड़ भूमि को औद्योगिक उपयोग के लिए चिह्नित करने की तैयारी की जा रही है।

इस कार्य को पूरा करने के लिए एक खाका इनवेस्ट यूपी ने तय कर लिया है और इसी आधार पर जल्द ही अवस्थापना व औद्योगिक विभाग द्वारा प्रदेश में कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**ग्राम पंचायतों के साथ समन्वय होगा:** कार्ययोजना के अनुसार, प्रदेश के प्रत्येक जिले में उद्योगों को लगाने के लिए निर्विवादित भूखंडों का विस्तृत डाटाबैंक तैयार होगा। इस कार्य को ग्राम पंचायतों के साथ समन्वय स्थापित कर पूरा किया जाएगा।